उत्तर प्रदेश में एनएसएस का नया विस्तार :मेडिकल युवा विद्यार्थियों को भी मिलेगा राष्ट्रसेवा का मंच।

उत्तर प्रदेश एनएसएस का चिकित्सा विश्वविद्यालय व संबद्ध संस्थाओं में आरम्भ ।

लखनऊ, 21 नवम्बर। उत्तर प्रदेश में पहली बार चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से जोड़ने की पहल की गई है। माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजनाके संबंध में मा0 कुलपति मेजर जनरल डॉ. अमित देवगन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश शासन राज्य संपर्क अधिकारी, एनएसएस डॉ. मंजू सिंह ने चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों को एनएसएस के उद्देश्य, संरचना एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए विशेष रूप से TSA Hybrid Module के अंतर्गत वित्तीय व्यवस्था एवं ZBS खातों के संचालन तथा MY Bharat पोर्टल पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक इकाई द्वारा ग्राम गोद लेने, नियमित गतिविधियों, विशेष शिविरों और विद्यार्थियों की सहभागिता के विषय में भी मार्गदर्शन दिया।

बैठक में विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों ने ऑनलाइन तथा लखनऊ के पाँच चिकित्सा महाविद्यालयों ने प्रत्यक्ष रूप से प्रतिभाग किया। डॉ मंजू द्वारा बताया गया कि किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय में पांच तथा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में 42 एनएसएस इकाइयों के संचालन की जानकारी दी गई।

मा0 कुलपति मेजर जनरल डॉ. अमित देवगन ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में पहले से संचालित स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामुदायिक सेवा गतिविधियों को एनएसएस से जोड़ने से विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने एनएसएस इकाइयों को अनुशासन, समयबद्धता एवं नियमित रिपोर्टिंग के साथ संचालित करने तथा स्वास्थ्य शिविरों, जन–जागरूकता कार्यक्रमों और आयुष्मान कार्ड सुविधा से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया।

बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डीन एफिलिएशन एण्ड इंस्पेक्शन डॉ. साधना अवस्थी व श्रीमती ज्योत्सना यादव, कुलसचिव द्वारा किया गया। डॉ. मंजू सिंह ने इस पहल को चिकित्सा विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्रसेवा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी संस्थानों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की।

21/11/25